हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 14 मई 2024

04 मतदाताओं ने किया अपने मत का दानः शाम 6 बजे...



07 कई गांव आजादी के 75 साल बाद भी पहुंच विहीन...





## समस्याओं से जूझ रहे ग्रामीण मतदाताओं ने लिया निर्णय

# सूदवास में सड़क और पानी, तो भादवा में रोड के लिए किया चुनाव का बहिष्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आगर-मालवा

भादवा पंचायत के ग्राम भादवा ग्रामीणों ने चुनाव का बहिष्कार कर दिया। गांव से कोई भी ग्रामीण वोट डालने नहीं गया। ग्रामीण आगर-भादवा रोड तक गांव को जोड़ने वाली लिंक रोड बनाने की मांग कर रहे हैं। वहीं बदोद जनपद अंतर्गत आने वाले ग्राम सुदवास में ग्रामीणों ने सड़क और पानी की समस्या को लेकर लोकसभा चुनाव में मतदान का बहिष्कार कर दिया। यहां ग्रामीण अपनी समस्या का हल नहीं होने तक मतदान नहीं करने की बात कह रहे हैं।

बहिष्कार का असर यहां के दो मतदान केंद्रों पर दिखाई भी दिया है, जहां मतदान केंद्र क्रमांक 125 पर मात्र एक वोट डला है और मतदान केंद्र क्रमांक 126 पर 4 वोट ही डले हैं। प्रशासन लगातार ग्रामीणों से संपर्क कर मतदान की अपील करते दिखाई दिया।





उन्होंने ग्रामीणों को समस्या का हल करवाने का आश्वासन दिया है। लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि हमारे द्वारा पिछली लोकसभा और विधानसभा चुनाव में भी मतदान का बहिष्कार किया था तब भी हमारी यह समस्या हल करने का आश्वासन प्रशासन द्वारा दिया गया था, लेकिन अब तक इस समस्या का हल नहीं हुआ है, जिसके कारण हम ग्रामीणों द्वारा इस बार मतदान का पूर्ण बहिष्कार कर दिया। ग्रामीण ने बताया कि जब तक सड़क और पानी की समस्या हल नहीं हो जाती ग्रामीण आने वाले चुनाव का भी बहिष्कार करते रहेंगे। बता दें कि आगर विधान सभा 166 के अंतर्गत आने वाले ग्राम सुदवास में करीब 2100 मतदाता हैं, जिसमें से करीब 5 वोट ही डले हैं। ग्रामीणों द्वारा किए जा रहे मतदान का बहिष्कार को लेकर भाजपा से जिलाध्यक्ष चिंतामन राठौर सहित जनप्रतिनिधि गांव पहुंचे और ग्रामीणों को समझने का प्रयास किया लेकिन ग्रामीण अपनी मांग पर ही डटे रहे और कहा जब तक समस्या का निराकरण नहीं होता तब तक वह मतदान नहीं करेंगे।

## मिर्ची हवन को लेकर प्रशासन आया हरकत में

# 'किसी भी पंडित ने किया मिर्ची का हवन तो रजिस्ट्रेशन होगा निरस्त'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

मां बगलामुखी मंदिर पर प्रतिबंध के बाद भी हो रहे मिर्ची हवन के संबंध में सोमवार को समाचार प्रकाशन के बाद मंदिर प्रशासन हरकत में आया है। यदि अब मंदिर परिसर में कोई पंडित मिर्ची हवन करते पाया गया तो उस पर हमेशा के लिए मंदिर में हवन करने पर प्रतिबंध लगा दिया जाएगा। साथ ही उसका रजिस्ट्रेशन भी सदा के लिए निरस्त किया जाएगा।




मिर्ची हवन प्रतिबंध के बावजूद मां बगलामुखी मंदिर पर हो रहे मिर्ची हवन!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

मां बगलामुखी मंदिर पर यज्ञशाला में मिर्ची से हवन करना प्रतिबंधित होने के बावजूद इस प्रकार के हवन हो रहे हैं। मंदिर प्रबंध समिति को इस ओर ध्यान देकर प्रतिबंधित मिर्ची हवन करने वालों के खिलाफ कार्यवाही की जाना चाहिए। वर्षों पूर्व मंदिर प्रबंध समिति द्वारा स्वास्थ्य पर विपरीत असर करने वाले मिर्ची हवन को मां बगलामुखी मंदिर परिसर एवं पार्क में स्थित यज्ञशाला में करने पर प्रतिबंध लगाया गया था। प्रतिबंध के कुछ समय बाद से ही यदा कदा ऐसी शिकायतें मिलना प्रारंभ हो गई थीं कि चोरी छुपे ऐसे हवन या हवन में कुछ आहुति मिर्ची की दिलवाई जा रही हैं। लेकिन अब बहुतायात में ऐसे हवन फिर से होने लगे हैं। इसके सबूत यज्ञशाला में हवन सामग्री के साथ मिर्ची के बिखरे होने का है जिसे हर कोई जाकर देख सकता है। मंदिर प्रबंध समिति द्वारा यज्ञशाला में सीसीटीवी कैमरे लगा रखे हैं। जिसे देखकर इसकी सच्चाई जान सकते हैं। इसके साथ ही यज्ञशाला की सफाई के लिए सफाईकर्मी लगा रखे हैं उनसे इस बारे में जानकारी लेकर प्रतिबंधित मिर्ची हवन करने वालों के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही की जाना चाहिए।

उक्त जानकारी देते हुए तहसीलदार एवं पदेन सचिव मां बगलामुखी प्रबंध समिति प्रीति भिंसे ने बताया कि स्वास्थ्य पर विपरीत असर करने वाला मिर्ची हवन मां बगलामुखी मंदिर परिसर में प्रतिबंधित है। लेकिन जानकारी मिली है कि इस प्रकार के प्रतिबंधित हवन चोरी छिपे किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि अब यज्ञशाला में कड़ी निगरानी रखी जाएगी और यदि कोई पंडित हवन में मिर्ची की आहुति दिलवाते पाया जाएगा तो उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही करते हुए मंदिर परिसर में हमेशा के लिए हवन करने पर प्रतिबंध लगा दिया जाएगा और उसका रजिस्ट्रेशन भी निरस्त किया जाएगा। साथ ही उन्होंने बताया की दस दिन पूर्व एक पंडित को मिर्ची हवन करते पकड़ा गया था जिसे नोटिस जारी कर अंतिम वार्निग भी दी गई है। इस प्रकार की सूचना मंदिर परिसर में स्थित प्रबंध समिति के कार्यालय एवं यज्ञशालाओं में भी चस्पा करवाये जा रहे हैं।

### इनका कहना है

अगर मंदिर पर कोई पंडित मिर्ची हवन करते पाया गया तो उसका रजिस्ट्रेशन सदैव के लिए निरस्त किया जाएगा और ऐसे पंडित का मंदिर में प्रवेश भी निषेध कर हवन के लिए भी हमेशा के लिए प्रतिबंधित किया जाएगा।

**प्रीति भिंसे,** तहसीलदार व मंदिर सचिव नलखेड़ा

# मां बगलामुखी प्रकटोत्सव नगर गौरव दिवस पर कल होंगे विभिन्न आयोजन

## नगर में निकाली जाएगी शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

मां बगलामुखी प्राकट्य दिवस बुधवार को नगर में धूमधाम से मनाया जाएगा। इस दिन को नगर परिषद द्वारा नगर गौरव दिवस के रूप में भी मनाया जा रहा है। प्रकटोत्सव को लेकर मां बगलामुखी का दरबार आकर्षक रूप से सजाने का कार्य जारी है। मां बगलामुखी प्रकटोत्सव को लेकर मंदिर पर तैयारियां प्रारंभ हो चुकी हैं। सम्पूर्ण मंदिर व परिसर को आकर्षक विद्युत रोशनी से सजाया जा रहा है। प्राकट्य दिवस पर मंदिर व गर्भगृह को ताजा फूलों से सजाया जाएगा। सम्पूर्ण मंदिर परिसर व मंदिर के बाहर आकर्षक रंगोलियां बनाई जाएंगी।

मां बगलामुखी प्रकोटोत्सव एवं नगर गौरव दिवस पर बुधवार को विभिन्न आयोजन होंगे। प्रातः 10 बजे से माता रानी का अभिषेक होगा। दोपहर 12 बजे मां की महाआरती होगी। मां बगलामुखी प्रकटोत्सव नगर गौरव दिवस के रूप में मनाया जाता है। जिसको लेकर नगर परिषद द्वारा सायं 4.30 बजे चौक बाजार स्थित श्री गुप्तेश्वर महादेव मंदिर से शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा में राम दरबार की झांकी, मां कालिका की झांकी, राजस्थानी नृत्य, राधा कृष्ण की झांकी के साथ ही कई आकर्षण रहेंगे। शोभायात्रा में नगर के सभी पूज्य संत बग्गियों में सवार रहेंगे। वहीं आकर्षक व सुसज्जित रथ में माता रानी की प्रतिकृति विराजित रहेगी जिसकी युवतियों का एक दल आरती करते चलेगा। इसके अतिरिक्त युवाओं की टोली डमरू व ताशे बजाते चलेंगे। शोभायात्रा चौक बाजार से गणेश चौराहा, शिवाजी चौराहा, मां बगलामुखी मार्ग,बगलामुखी चौराहा होते हुए मां बगलामुखी मंदिर पहुंचेगी जहाँ माता रानी की महाआरती होगी।

इस दौरान आकर्षक आतिशबाजी की जावेगी। नगर गौरव दिवस के उपलक्ष्य में ही रात्रि 8 बजे मां बगलामुखी मंदिर प्रांगण में एक भजन संध्या का आयोजन भी होगा। पीताम्बरा सेवा समिति द्वारा इस मौके पर लाभार्थी के सहयोग से भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा।



### -नगर को सजाने की तैयारी

मां बगलामुखी प्रकटोत्सव नगर गौरव दिवस के अवसर पर निकलने वाली शोभायात्रा के स्वागत के लिए नगर को दुल्हन की तरह सजाए जाने की तैयारी की जा रही है। केशरिया पताकाओं के साथ स्थान स्थान पर तोरणद्वार सजाए जा रहे हैं। तथा सैकड़ों की संख्या में फ्लेक्स, बैनर भी भक्तों द्वारा लगवाए गए हैं। नगरवासी मातारानी की आगवानी एवं उनके भक्तों के स्वागत के लिए पलक पावड़े बिछाकर तैयारियों में लगे हुए हैं।

अवनी मित्तल दिव्यांशी जैन ने किया नाम रोशन

# सीबीएसई द्वारा घोषित 12वीं के परीक्षा परिणाम में कक्का इंटरनेशनल स्कूल का परचम फहरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

क्षेत्र के एकमात्र सीबीएसई स्कूल कक्का इंटरनेशनल स्कूल ने प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में उत्कर्ष परिणाम देकर क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। सीबीएसई द्वारा घोषित 12वीं के परीक्षा परिणाम में उज्जैन संभाग में श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए कक्षा 12 वीं की छात्रा अवनी हेमेंद्र मित्तल ने 94% अंक लाकर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। स्मरण रहेगी गत वर्ष भी कक्का इंटरनेशनल स्कूल के छात्र गौरव मित्तल ने 97% अंक प्राप्त कर संभाग में प्रथम स्थान प्राप्त किया था।

उल्लेखनीय है कि नगर के वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी दाऊलाल मित्तल के परिवार के सभी बच्चों ने प्रारंभ से ही कक्का इंटरनेशनल स्कूल में अध्ययन कर गत वर्ष भी संभाग में प्रथम स्थान एवं इस वर्ष भी उनके ही परिवार की पुत्री अवनी ने 94% अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर परिवार, नगर एवं विद्यालय का नाम रोशन किया है। कक्षा 12 वीं में 33 छात्र-छात्राओं में से 12 छात्रों ने 80% से अधिक तथा 13 छात्र-छात्राओं ने 70% से अधिक एवं 7 छात्र-छात्राओं ने 60% से अधिक अंक लाकर श्रेष्ठ प्रदर्शन किया है।





इसी प्रकार से कक्षा दसवीं के घोषित परीक्षा परिणाम में विद्यालय का परिणाम 100% रहा। जिसमें कुमारी दिव्यांशी जैन जो कि ग्रामीण परिवेश ग्राम मोहना से आती है। उसने 86% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। कक्षा दसवीं में भी 80% से अधिक अंक चार छात्र छात्राएं रहे। तथा शतप्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा। उक्त परीक्षा परिणाम की क्षेत्र में भूरी भूरी प्रशंसा की जाकर विद्यालय परिवार को बधाइयां प्रेषित की जा रही है। परीक्षा परिणाम के इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष नंदकुमार माहेश्वरी, डायरेक्टर चतुर्भुज दास माहेश्वरी प्राचार्य मयूर मुंदडा एवं श्रीमती किरण मुंदडा ने सभी छात्र-छात्राओं को हार्दिक बधाई देकर उज्जवल भविष्य की कामना की।

### बीयू ने टाइम टेबल बदला रविवार को नहीं होगी परीक्षा

**सीहोर।** बरकतउल्ला यूनिवर्सिटी (बीयू) ने अंडर ग्रेजुएशन (यूजी) कोर्सेस बीए, बीबीए, बीकॉम, बीएससी थर्ड ईयर के एग्जाम टाइम टेबल में बदलाव किया है। परीक्षा 16 मई से शुरु होगी। 26 मई को होने वाला प्रश्न-पत्र 27 मई को होगा, क्योंकि यूनिवर्सिटी ने रविवार को भी परीक्षा कराने की तारीख टाइम टेबल में शामिल कर ली थी। इस पर कॉलेजों ने आपत्ति जताई। जिसके बाद विश्व विद्यालय ने रविवार को परीक्षा आयोजित नहीं कराने का निर्णय लिया। इस बदलाव से परीक्षा की समयावधि पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। इससे पहले विश्व विद्यालय कोई भी पेपर स्थगित करता था तो सबसे आखिरी में आयोजित कराने की तारीख तय की जाती थी।

## कलेक्टर-एसपी ने मतदान केंद्र जाकर डाला वोट...






आगर-मालवा। विधानसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत लोकसभा संसदीय क्षेत्र देवास के विधानसभा क्षेत्र आगर में सुबह 7 बजे से मतदान केन्द्रों पर मतदान प्रारंभ हुआ। लोकतंत्र के इस त्योहार में युवा, बुजूर्ग, महिला-पुरूष सभी मतदाता बढ़-चढ़कर अपने मताधिकार का प्रयोग करने मतदान केन्द्रों पर पहुंचे। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह ने विधानसभा आगर के मतदान केन्द्र क्रमांक-168, छावनी आगर पर मतदान किया।

# डॉ सुखदेव बैरागी ने इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में शोध पत्र किया प्रस्तुत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय महाविद्यालय के भौतिक शास्त्र विभाग में कार्यरत डॉ. सुखदेव बैरागी द्वारा तमिलनाडु के कोयम्बटूर में आयोजित इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन मैटेरियल साइंस एंड मैन्युफैक्चरिंग टेक्नोलॉजी (आइसीएमएसएमटी - 2024) थीम पर आधारित कॉन्फ्रेंस में स्टडीज ऑन सिंथेसिस, फिजिकल एंड आप्टिकल प्रोपर्टीज ऑफ डिस्प्रोसियम आयन डोप्ड ट्रांसपेरेंट हेवी मेटल ऑक्साइड ग्लासेज विषय पर अमेरिकन इंस्टीट्यूट आफ फिजिक्स जर्नल में प्रकाशित होने वाले रिसर्च पेपर को प्रस्तुत किया।



डॉ. बैरागी द्वारा प्रस्तुत शोध पत्र में मेल्ट क्वेंच मेथड से तैयार किए गए डिस्प्रोसियम डोप्ड हेवी मेटल ऑक्साइड ग्लास की फिजिकल प्रापर्टीज जैसे ग्लास का घनत्व, पोलारान रेडियस, इंटर एटॉमिक डिस्टेंस ऑप्टिकल पैकिंग डेंसिटी साथ ही ऑप्टिकल प्रॉपर्टीज जैसे ऑप्टिकल फोरबिडेन एनर्जी बेंड गैप, रिफ्रैक्टिव इंडेक्स, यूवी विजिबल ऐब्सार्शन स्पेक्ट्रा, एक्साइटेशन स्पेक्ट्रा, फोटोल्युमनेसैंस स्पेक्ट्रा इत्यादि का अध्ययन किया गया।

डॉ. बैरागी द्वारा प्रस्तुत शोध का कमर्शियल डिस्प्ले डिवाइसेज, ऑप्टिकल कम्युनिकेशन फाइबर्स, ऑप्टिकल एमप्लीफायर, लेजर डिवाइसेज, व्हाइट लाइट एमिटिंग डायोड, ऑप्टिकल मेमोरी व सेंसर आदि के अनुप्रयोग में मानव जीवन के लिए लाभकारी है। रिसर्च अनुसंधान के प्रोफेसर, शोधार्थी व वैज्ञानिकों के द्वारा भी शोध पत्र प्रस्तुत किए गए।

## मंदिर दादावाड़ी में हुआ आयोजन, सिर पर धारण कर लाभार्थी परिवार मंदिर जी पहुंचा

# मंत्रोच्चार के साथ मंदिर शिखर पर चढ़ाई गई द्वितीय ध्वजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

ॐ पुण्याहं..... पुण्याहं......प्रीयन्ताम् ...........प्रीयन्ताम के मंत्रोच्चार के साथ परमात्मा के मंदिर शिखर पर लाभार्थी परिवारों द्वारा द्वितीय ध्वजा चढ़ाई गई। इसके पूर्व ध्वजा को सिर पर धारण कर लाभार्थी परिवार मंदिर जी पहुंचा। नगर के गुदरावन मार्ग पर जैन श्वेतांबर समाज द्वारा श्री नमिउण तीर्थ प्रणेता खरतरगच्छाचार्य जिन पीयूष सागर सुरीश्वर महाराज साहब की निश्रा एवं विचक्षणज्योति, प्रज्ञा भारती, महामांगलिक प्रदात्री, प्रवर्तीनी महोदया, चंद्रप्रभाश्रीजी महाराज की पावन प्रेरणा से उनकी शिष्या सरल स्वभावी, प्रखर व्याख्यात्री, परम पूज्य चंदनबाला श्रीजी महाराज आदि साध्वी मंडल के मार्गदर्शन में श्री पार्श्व जिनालय व श्री जिनकुशलसूरी दादावाड़ी का भव्याति भव्य निर्माण एवं प्रतिष्ठा महोत्सव कार्यक्रम संपन्न हुआ था। जिन मंदिर दादावाड़ी की प्रतिष्ठा के दो वर्ष पूर्ण होने पर मंदिरजी की द्वितीय ध्वजा कार्यक्रम सोमवार को हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ संपन्न हुआ।







इसके पूर्व लाभार्थी परिवार सिर पर ध्वजा धारण कर नाचते-झूमते मंदिर-दादावाड़ी पहुंचे। ध्वजारोहण के इस कार्यक्रम में मंदिर जी में सत्तरभेदी पूजन भी रखी गई। पूजन श्री चंद्र प्रभु बहु मंडल द्वारा पढ़ाई गई। विजय मुहूर्त में लाभार्थी परिवार मातुश्री कमलाबाई प्रेमचंद धूपिया, पुत्र जयंत कुमार, दिनेश कुमार, डॉ राकेश धूपिया परिवार, मातुश्री चंद्रकांता बेन सागरमल तिलगोता पुत्र राजेशकुमार, यशकुमार, कियांशकुमार तिलगोता, मातुश्री पारस बेन प्रेमचंद तिलगोता पुत्र प्रीतेश, सोहम कुमार तिलगोता द्वारा मंदिर स्वर्ण शिखर पर धर्म ध्वजा विधि-विधान व मंत्रोच्चार के साथ चढ़ाई गई। इसके पूर्व ध्वजा को सिर पर धारण कर मंदिर परिसर में परिक्रमा की गई तथा लाभार्थी परिवार जनो ने ध्वजा की वासक्षेप से पूजा तथा आरती की गई।

इस अवसर पर परमात्मा का दरबार जयकारों से गूंज उठा तथा खुशी से झूमते नाचते समाजजनों ने शिखर पर अक्षत वर्षा की गई। अरुण कुमार सकलेचा एवं मनोज कुमार बडेरा द्वारा विधि-विधान तथा मंत्रोचार के साथ ध्वजा चढ़ाने की विधि संपन्न करवाई गई। तत्पश्चात दादावाड़ी परिसर में ही लाभार्थी परिवारों की ओर से समाज के स्वामीवात्सल्य का कार्यक्रम भी रखा गया है। मंदिर प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ पर परमात्मा की मनमोहक अंगरचना सुरेशचंद काठेड़ रंगीला तथा अशोककुमार धाड़ीवाल द्वारा की गई। श्रीपार्श्व कुशल दादावाड़ी ट्रस्ट द्वारा लाभार्थी परिवारों का बहूमान भी किया गया।

**खबर संक्षेप**

## छात्राओं ने की मतदान की सतत मॉनिटरिंग



**देवास।** लोकसभा निर्वाचन के चौथे चरण में देवास, सोनकच्छ, हाटपीपल्या और बागली विधानसभा क्षेत्रों में मतदान हुआ। जिलाधीश और जिला निर्वाचन अधिकारी ऋषव गुप्ता के निर्देशन और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं नोडल हिमांशु प्रजापति के नेतृत्व में कलेक्टर कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम से सतत मानिटरिंग की गई। मतदान प्रारंभ होने के प्रत्येक दो घंटे की मतदान रिपोर्ट के आधार पर संबंधित बीएलओ को कॉल करके मतदान की धीमी गति पर जानकारी ली गई। मतदान केन्द्र पर आने वाली समस्या को हल करने के लिए स्वयं सीईओ प्रजापति ने संबंधित अधिकारियों को काल कर समस्या हल करने को कहा। मतदाताओं को मतदान केन्द्र पर लाने के लिए वालिन्टियर्स और बीएजी की सहायता लेने के निर्देश बीएलओ को दिए गए। वालिन्टियर्स न मिलने की स्थिति में जिला शिक्षा अधिकारी एवं विकास खंड शिक्षा अधिकारी से संपर्क कर तत्काल व्यवस्था के निर्देश दिए गए। बागली विधानसभा के लिए हजारीलाल जाट की टीम में मानसी ठाकुर, तुलसी परमार और नितिष्का चौहान ने कॉल किए। देवास विधानसभा के लिए शिफा गजधर की टीम में जाह्नवी कुशवाह, तनुश्री विश्वकर्मा और केशवी उपाध्याय ने कॉल किए। सोनकच्छ विधानसभा के लिए डॉ. रजनीश पोरवाल की टीम में खुशी परिहार, पायल बोडाना और तैय्यबा शेख ने कॉल किए। हाटपीपल्या विधानसभा के लिए संजीदा सैय्यद की टीम में स्नेहा ठाकुर और अंजली ठाकुर ने कॉल किये। नगर स्वीप प्रभारी स्मिता रावल, एनआर एल एम प्रभारी शीला शुक्ला और एन यू एल एम सिटी मैनेजर सोनाली बसिया ने चारों विधानसभाओं के संबंधित अधिकारियों को मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। प्रसून पंड्या समन्वयक के रूप में उपस्थित रहे। प्रारंभ में स्वयं जिलाधीश ने भी निर्वाचन कंट्रोल रूम से संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

## यश चौधरी, जर्रिन शेख रहे विद्यालय के टॉपर

**देवास।** शहर के सी.बी.एस.ई. बोर्ड से सम्बद्ध विद्यालय विंध्याचल अकादमी के कक्षा 12 वी के छात्र-छात्राओ ने बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सफलता प्राप्त की है। स्कूल के कक्षा 12 वी से विज्ञान संकाय में मास्टर यश चौधरी ने 95.2 प्रतिशत अंक एवं वाणिज्य संकाय में जर्रिन शेख ने 93.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। परीक्षा में सम्मिलित 12 वी कक्षा के कुल विद्यार्थियों मे से 7 ने 90 प्रतिशत से अधिक, 7 ने 85 प्रतिशत से अधिक, 9 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक, 7 ने 75 प्रतिशत से अधिक 6 ने 70 प्रतिशत से अधिक एवम अन्य विद्यार्थियों ने 69 से 58 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। इसी प्रकार 10 वीं सी.बी.एस. ई. बोर्ड परीक्षा परिणाम 2023-24 में मास्टर प्रिंस दभाडे ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। 10 वी बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित समस्त विधार्थियों में 19 ने 90 प्रतिशत से अधिक, 21 ने 85 प्रतिशत से अधिक, 14 ने 80 प्रतिशत से अधिकअधिक, 14 ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक रहे।

### लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व लोकसभा चुनाव में मतदाताओं में दिखा उत्साह

# मतदाताओं ने किया अपने मत का दानः शाम 6 बजे तक देवास-शाजापुर सीट पर हुई 72.45 प्रतिशत वोटिंग














**कलेक्टर गुप्ता ने देवास और सोनकच्छ विधानसभा में मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर मतदान केन्द्रों में व्यवस्थाएं देखी। 2306 पोलिंग बूथ पर किया गया मतदान।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

लोकसभा संसदीय क्षेत्र देवास शाजापुर सीट के लिए सोमवार को सुबह 7 बजे से मतदान शुरू किया गया। वोटिंग शाम 6 बजे तक जारी रही। देवास शाजापुर संसदीय सीट पर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र देवास-शाजापुर के लिए आष्टा, आगर, शाजापुर, शुजालपुर, कालापीपल, सोनकच्छ, देवास और हाटपिपल्या कुल 8 विधानसभा में मतदान हुआ। लोकसभा क्षेत्र में कुल 2306 पोलिंग बूथ पर मतदान किया गया। इनमें से 453 संवेदनशील मतदान केन्द्र बनाए गए थे। साथ ही 195 पिंक बूथ और आदर्श मतदान केन्द्र बनाए गए है। कुल वोटर 19 लाख 40 हजार 472 में महिला वोटर 9 लाख 46 हजार 376 और पुरुष वोटर 9 लाख 94 हजार 73 को मतदान करने का मौका मिला। मतदान के लिए सुबह पौने 7 बजे से ही लोग लाइन में लग गए। इस बार यहां से 8 प्रत्याशी मैदान में हैं। मुख्य मुकाबला भाजपा के महेंद्र सिंह सोलंकी और कांग्रेस के राजेंद्र मालवीय के बीच रहा।

### दो पोलिंग बूथों पर मतदान हुआ प्रभावित

देवास विधानसभा के आदर्श नगर स्कूल पोलिंग केंद्र पर कुछ देर के लिए मतदान प्रभावित हुआ। यंहा भाजपा कार्यकर्ताओं का आरोप था कि मतदान क्रमांक 203 पर वर्ग विशेष की महिलाओं द्वारा पीठासीन अधिकारी द्वारा पहचान नही की जा रही हैं, जिसकी आपत्ति होने पर कुछ देर के लिए मतदान प्रभावित हुआ। जब भाजपा के लोगो ने पीठासीन अधिकारी कैलाश चौधरी से बात की तो उन्होंने कहा की यह जवाबदारी हमारी नही है जिसके बाद तत्काल तहसीलदार सपना शर्मा द्वारा पंचनामा बनाकर करवाई की बात कही। हंगामे की सूचना के बाद कोतवाली पुलिस भी मतदान केंद्र पर पहुंची और कुछ देर बाद मतदान सुचारू रुप से शुरू किया गया। उसी तरह पोलिंग क्रमांक 263 एम्ब्रोजिया स्कूल पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मतदान प्रणाली को लेकर आपत्ति जताई, जिसके चलते कुछ समय के लिए मतदान प्रभावित हुआ। भाजपा कार्यकर्ताओं ने पीठासीन अधिकारी यूनुस खान पर फर्जी वोटिंग का गम्भीर आरोप लगाया। कार्यकर्ताओ का कहना था की हमने उसे रंगे हाथों पकड़ा हैं। जिस पर संज्ञान लेते हुए तहसीलदार सपना शर्मा ने पहुँचकर पीठासीन अधिकारी को बदला। भाजपा सांसद प्रत्याशी महेंद्र सिंह सोलंकी ने मतदान केंद्र 182 पर पहुँचकर सपत्नीक मतदान कर अपने मताधिकार का उपयोग किया। महेंद्र सिंह सोलंकी अपनी पत्नी प्रीति सोलंकी के साथ पोलिंग क्रमांक 182 पहुँचे। सोलंकी ने कहा कि जीत को लेकर नही लीड को लेकर कर रहे है। विधायक गायत्री राजे पवार ने भी मतदान भी आवास नगर स्थित वशिष्ठ गुरुकुल स्कूल पहुँचकर अपने मताधिकार का उपयोग किया।



### शांतिपूर्ण संपन्न हुआ मतदान



बागली। खंडवा लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए बागली विधानसभा में सोमवार के दिन 297 मतदान केंद्रों पर मतदान संपन्न हुआ है।बागली विधानसभा अंतर्गत शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हुआ है। जहां पर सुबह-सुबह मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की कतार देखी गई। हालांकि विधानसभा चुनाव में हुए मतदान से कम प्रतिशत लोकसभा चुनाव में रहा है। विधानसभा चुनाव में 81.96 प्रतिशत मतदान हुआ था। दोपहर बाद गर्मी बढ़ने के कारण मतदाताओं को परेशान भी होना पड़ा। ग्राम इकलेरा में ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार किया था, जिसके कारण 23.24 प्रतिशत मतदान हुआ है। ग्राम कुपगांव में 2023 के विधानसभा चुनाव में भी अपनी मांग को लेकर मतदान का बहिष्कार किया था। उस दौरान एसडीएम की समझाइश के बाद मतदान किया गया था। लेकिन इस बार फिर ग्रामीणों द्वारा लोकसभा चुनाव के मतदान का बहिष्कार किया गया। लेकिन किसी भी वरिष्ठ अधिकारी ने गंभीरता से नहीं लिया ,जिससे परिणाम यह रहा कि उक्त मतदान केंद्र पर सिर्फ कर्मचारीयो के वोट डले हैं, इकलेरा में तीस्सी गांव आता है,वहा के कुछ लोगों ने ही मतदान किया है, लेकिन इकलेरा के ग्रामीणों ने मतदान नहीं किया है।



### सभी वर्गों के मतदाताओं में दिखा भारी उत्साह

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋषव गुप्ता ने उत्कृष्ट स्कूल देवास में बनाये गये मतदान केन्द्र में जाकर अपने मताधिकार का उपयोग किया। उन्होंने कहा कि जिले के सभी मतदाता अपने घरों से निकलकर मतदान करें। लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी मतदाताओं का मतदान करना जरूरी है। मतदाता मतदान कर अन्य नागरिकों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें, शत प्रतिशत मतदान हो सकें। मतदाताओं से अपील है कि वे निष्पक्ष होकर स्वयं के विवेक से मतदान करें। सभी मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये है। सीईओ जिला पंचायत हिमांशु प्रजापति ने उत्कृष्ट स्कूल देवास में बनाये गये मतदान केन्द्र में जाकर सपत्नीक अपने मताधिकार का उपयोग किया। उन्होंने सभी मतदाता को अपने घरों से निकलकर मतदान करने की अपील भी की। जिले में लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में लोकसभा संसदीय क्षेत्र देवास और खण्डवा के लिए मतदान हुआ। मतदान के प्रति सभी वर्गो के मतदाताओं में भारी उत्साह देखने को मिला। मतदाता सुबह से ही मतदान केन्द्र में पहुंचे और मतदान किया। मतदाताओं ने मतदान केन्द्रों पर बनाये गये सेल्फी पाईंट पर सेल्फी भी ली। मतदाताओं की सुविधा के लिए सभी मतदान केन्द्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं की गई। मतदान केन्द्रों पर रैम्प, पीने के पानी, लाइट, शौचालय, दिव्यांगजन सुगमतापूर्वक मतदान कर सके, इसके लिए व्हील चेयर की व्यवस्था की गई। आदर्श और पिंक मतदान केन्द्रों मे निर्वाचन आयोग द्वारा दिये निर्देशानुसार व्यवस्थाए की गई।

### बुजुर्ग, युवाओं ने किया बढ़चढ़कर मतदान

मतदान के प्रति बुजुर्गो में भी भारी उत्साह देखने को मिला। बुजुर्ग मतदाता मतदान के लिए घर से निकलकर मतदान केन्द्र पहुंचे। बुजुर्ग मतदाताओं के लिए मतदान केन्द्रों पर वॉलिंटियर की व्यवस्था की गई, बुजुर्गो को व्हील चेयर के माध्यम से मतदान कराया गया। युवा मतदाताओं में मतदान के प्रति उत्साह देखने को मिला। युवा मतदाता पहली बार मतदान करने के लिए उत्साह से मतदान केन्द्र पहुंचे। युवा मतदाता मतदान के बाद सेल्फी पाईंट पर सेल्फी भी ले रहे है। मतदाताओं की सुविधा के लिए सभी मतदान केन्द्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं की गई। मतदान केन्द्रों पर रैम्प, पीने के पानी, लाइट, शौचालय, दिव्यांगजन सुगमतापूर्वक मतदान कर सके, इसके लिए व्हील चेयर की व्यवस्था की गई।

### कलेक्टर ने किया मतदान केन्द्रों का निरीक्षण

जिले में लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में लोकसभा संसदीय क्षेत्र देवास और खण्डवा के लिए मतदान कराया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋषव गुप्ता ने मतदान के दौरान देवास और सोनकच्छ विधानसभा में मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर मतदान की पल-पल की गतिविधियों पर विशेष नजर रखी। कलेक्टर गुप्ता सोनकच्छ विधानसभा में उत्कृष्ट स्कूल देवास में बनाये गये कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण किया और हर घटनाक्रम पर जानकारी ली। गुप्ता ने सोनकच्छ में तहसील कार्यालय में वेबकास्टिंग रूम का अवलोकन कर अधिकारियों को आवश्यक मार्गदर्शन भी दिया।

















**भीषण सड़क हादसे में जलकर हुई एक की मौत**

## दमकल और प्रशासन की मदद से एक को बचाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

सोमवार तड़के 3.30बजे भोपाल मक्सी बायपास पर आईशर और कंटेनर की भिंड़त के चलते दोनो वाहनों में भीषण आग लग गई। हादसे में कंटेनर चालक की दर्दनाक मौत हो गई।दरअसल सोमवार तड़के 3.30 बजे सुपारी से भरी आईशर और बर्तन इलेक्ट्रिक सामानो से कंटेनर के बीच भीषण टक्कर हो गई , टक्कर होने से कंटेनर का डीज़ल टैंक फट गया जिसके चलते दोनो वाहन आग की चपेट में आ गए।

हादसे मे कंटेनर चालक को जान गवानी पड़ी।जानकारी अनुसार कंटेनर मक्सी भोपाल बायपास फोरलेन पर कंटेनर रॉन्ग साइड से आ रहा था। जो सही दिशा में आ रही आईशर से टकरा गया। आग पर काबू पाने में लगभग 4 से 5 घण्टे का समय लग गया। हादसे की सूचना पर फायर ब्रिगेड मौके पर पहुँची। करीब 20 दमकलो की मदद से आग पर काबू पाया गया। निगम, इंडस्ट्री और और बीएनपी की फायर की टीम ने सामुहिक रुप से आग पर काबू पाया। मौके पर बीएनपी थाना प्रभारी अमित सोलंकी और ट्रैफिक थाना प्रभारी पवन बागड़ी मौजूद थे। दमकल कर्मियों और पुलिस की मदद से क्रेन के माध्यम से कंटेनर का दरवाजा तोड़ा गया तब कहीं जाकर आज पर काबू पाया जा सका इस दौरान कंटेनर चालक की गम्भीर झुलसने से मौत हो गई।



निगम के फायर टेक्नीशियन अनुभव चंदेल ने बताया कि आज पर काबू पाने के लिए लगभग 20 दमकलो का पानी लग गया और वही 500 लीटर फाग के माध्यम से आग पर काबू पाया गया।प्रशासन और निगम की दमकल कर्मियों की मुस्तेदी में चलते आईशर चालक की जान बचाली गई।

## पुंजापुरा के समीप लोडिंग वाहन और बाइक में हुई भिड़ंत, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



ग्राम पुंजापुरा अंतर्गत पेट्रोल पंप के पास सोमवार की दोपहर को एक लोडिंग पिकअप वाहन एवं बाइक में आमने-सामने भिड़ंत हो गई, जिसमें बाइक सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुआ है,जिसे इंदौर रेफर किया गया है। लोडिंग पिकअप वाहन पलटने के दौरान वाहन में सवार लोगों को भी काफी छोटे आई है।जानकारी अनुसार ग्राम गोपालपूरा से लोडिंग पिकअप वाहन उदयनगर जा रही था जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण संवार थे।हादसे मे संजू पिता धीरज सेंधव अगुर्ली की मौत हो गई एवं कृष्णपाल सिंह सेंधव अगुर्ली सीरियस होने पर शासकीय अस्पताल बागली में प्राथमिक उपचार कर इंदौर रेफर किया गया है। दोनो अनमोल फाइनेंस कंपनी में जॉब करते थे। दोनो फाइनेंस के काम से घाट नीचे गए हुए थे।पिकअप वाहन पलटने से रमेश मगन ,किसन ,भुवान, सुखराम सिंग, धुवांन सिंह,श्रवण मानसिंग, विशाल पिता विक्रम 18 वर्ष केकू पिता हीरू, मांगीलाल पिता रामसिंग, मूलतांग पिता रेमसिंग, जय पिता किशन, विक्रम सभी निवासी गोपालपुरा है। सभी घायल हो गए हैं जिनका प्राथमिक उपचार शासकीय अस्पताल बागली में डॉक्टर हेमंत पटेल की उपस्थिति में किया गया।

## खबर संक्षेप

### डिप्लोमा फार्मेसी सेकंड ईयर परीक्षा 20 से

**सीहोर।** राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) की डिप्लोमा फार्मेसी के सेकंड ईयर की परीक्षा के लिए टाइम टेबल जारी कर दिया है। परीक्षा 20 मई से शुरु होगी। परीक्षा का समय सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे रहेगा। परीक्षा का टाइमटेबल लोकसभा चुनाव को देखते हुए तैयार किया गया है। बता दें कि प्रदेश में चार चरणों में चुनाव 13 मई तक समाप्त हो जाएगा।

### रिसर्च ऑफिसर पदों पर निकाली भर्ती

**सीहोर।** नाबार्ड बैंकर्स इंस्टीट्यूट ऑफ रूरल डेवलपमेंट ने रिसर्च ऑफिसर के पदों पर भर्ती निकाली है। इन पर भर्ती के लिए उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट nabard.org पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। शैक्षणिक योग्यता के तहत मान्यता प्राप्त विश्व विद्यालय, अनुसंधान संस्थान से पीजी की डिग्री, अर्थशास्त्र, विकास अध्ययन, सांख्यिकी, डेटा-विज्ञान के क्षेत्र में पीजी डिग्री संबंधित विषय में एमफिल या समकक्ष अर्थशास्त्र, माइक्रो फाइनेंस, विकास अध्ययन के क्षेत्र में रिसर्च करने का कम से कम दो साल का अनुभव होना चाहिए।

### कर्मचारी राज्य बीमा निगम में निकली भर्ती

**सीहोर** । कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने रेग्युलर स्पेशलिस्ट (एफटीएस), अंशकालिक स्पेशलिस्ट के पदों को भरने के लिए वैकेंसी निकाली है। उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट esic.gov.in पर जाकर एप्लाई कर सकते हैं। मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से पीजी डिग्री या समकक्ष, पीजी डिप्लोमा के साथ एमबीबीएस की डिग्री होना चाहिए। मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया, स्टेट मेडिकल काउंसिल के साथ रजिस्टर्ड होना चाहिए। उम्मीदवारों के पास 3 साल के अनुभव के साथ पीजी डिग्री या पीजी के बाद अपनी स्पेशलिस्ट में 5 साल के अनुभव के साथ पीजी डिप्लोमा होना चाहिए।

### नवोदय विद्यालय में 500 शैक्षणिक पदों पर भर्ती

**सीहोर।** नवोदय विद्यालय समिति (एनवीएस) भोपाल ने टीजीटी और पीजीटी के 500 पदों पर भर्ती निकाली है। उम्मीदवार www.navodaya.gov.in पर आवेदन कर सकते हैं। पीजीटी के लिए संबंधित विषय में मास्टर डिग्री, साथ में बीएड होना जरूरी है।

### कच्ची सड़क होने से गढ्डों और धूल की समस्या बनी रहती है, जिम्मेदार भी नहीं दे रहे ध्यान

# कई गांव आजादी के 75 साल बाद भी पहुंच विहीन आदिवासी अंचल के गांव की डगर नहीं है आसान

### गांव के मुख्य मार्गों पर नहीं पक्की सड़कें, बारिश में ग्रामीण, मरीज और विद्यार्थियों को होना पड़ता है परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर

तहसील क्षेत्र के कई गांव में आजादी के 75सालों बाद भी पक्की सड़क नहीं बनी है। इससे लोग कच्ची सड़कों से आवागमन करने को मजबूर है। बारिश में यह मार्ग कीचड़ में तब्दील हो जाते है। इससे आवागमन की समस्या और बड़ जाती है। आवाजाही मुश्किल हो जाती है। ऐसे में मरीजों , गर्भवती महिलाओं को पहुंचाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। स्कूली बच्चें भी कई दिनों तक स्कूल नहीं जा पातें है। आदीवासी अंचल के गांव ईमलीपठार , सुआखेड़ा , बीजाभेरू व,दातारनगर गांव के मुख्य मार्ग पर कच्ची सड़क है। ग्रामीण लंबे समय से मांग कर रहें है ,लेकिन इन्हे पक्की बनाने की अभी तक मंजूरी नहीं मिल पाई है। जिला प्रशासन व जनप्रति इस ओर ध्यान नहीं दें रहें है।

जिलेभर में पक्की सड़कों का जाल बिछाने का सरकार भले ही दावां कर रही हो, लेकिन इछावर विधानसभा क्षेत्र में कई गांव ऐसे है जो अभी भी सड़क सुविधा से वंचित है। कच्ची सड़क होने से गढ्डों और धूल की समस्या बनी रहती है। वहीं बारिश के चार महीने लोगों को जान जोखिम में डालकर दलदलयुक्त और नदी के बहाव से होकर सफर तय करना पड़ता है। इस समस्या को लेकर ग्रामीणों ने लगातार प्रशासन को अवगत कराया । इसके साथ ही जनप्रतिनिधियों से भी सड़क निर्माण की मांग की गई, लेकिन अभी तक किसी ने भी इस ओर ध्यान नहीं दिया।

**अफसर,जनप्रतिनिधि कर रहें अनदेखी :** पूर्व जिला पंचायत सदस्य हरिसिंह देवड़ा, समाजसेवी सुरपाल बारेला ने बताया कि आदिवासी आहुल्य क्षेत्र में बच्चें एवं कीचड़युक्त मार्ग से रहवासी लंबे समय से परेशान है। दशकों से पक्की सड़क बनाने की मांग की जा रही है लेकिन इस ओर कोई ध्यान नहीं दें रहा है। लोगों का कहना है कि आदिवासी क्षेत्र में करोड़ों रुपये के विकास कार्य करने के दावें तो किएं जा रहें है लेकिन मार्ग को पक्का बनाने में अनदेखी की जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि जिला प्रशासन , प्रदेश के जिम्मैदार अफसर सहित जनप्रतिनिधि इस मामले को लेकर गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं।



### गर्भवतियों और मरीजों को चारपाई पर डालकर ले जाते हैं अस्पताल

बारिश के मौसम में उक्त मार्ग दलदल में तब्दील हो जाते है, ऐसे में गर्भवती माहिला और मरीजों को अस्पताल ले जाने के लिए उन्हें चारपाई पर डालकर मुख्य सड़क तक लाना पड़ता है। सुआखेड़ा के पूर्व सरपंच मेहरवानसिंह , संतोष ,देवराज , शांताबाई आदि ने कहा कि डेढ़ महीने बाद फिर बारिश का मौसम आ जाएगा फिर जून से लेकर नवंबर तक आदिवासी परिवार जान जौखिम में डालकर गुजरने को मजबूर होंगें। के लोगों का कहना है कि उनके आवागमन का मुख्य मार्ग अलीपुर सड़क है। जो बीच नदी से होकर जाता है। ऐसे में लोगों को जान जौखिम में डालकर सफर करना पड़ता है। स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को भी आने जाने में परेशानी होती है।



फाइल फोटो

**चुनाव का करने वाले थे बहिष्कार , प्रशानिक अधिकारियों के आश्वासन पर माने :** इछावर मुख्यालय से महज 5 किमी दूर नयापुरा पंचायत के तहत आने वाले गांव दातारनगर का दो किमी मुख्य मार्ग कच्चा है। जिससे ग्रामीणों सहित विद्यार्थियों को मुख्य सड़क तक आने-जाने में खासी परेशानी होती है। ग्रामीण लंबे समय से पक्की सड़क बनने का इंतजार कर रहें है। हालही में संपन्न हुएं लोकसभा चुनाव के दौरान यहां के ग्रामीणों ने निर्वाचन के बहिष्कार को लेकर रूपरेखा बनाई थी, लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों से मिले आश्वासन के बाद उन्होंने चुनाव बहिष्कार का निर्णय वापस ले लिया था।

### राजस्व मंत्री ने किया था भूमिपूजन

गांव दातारनगर के अकलेश वर्मा, गुलाबसिंह, श्रीपाल, संतोष, सुरेश वर्मा आदि ने बताया कि सड़क निर्माण की मांग लंबे समय से शासन, प्रशासन से की जा रही है। क्षेत्रीय विधायक एवं वर्तमान राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा को भी सड़क समस्या से अवगत कराया था। श्रीवर्मा ने वादा किया था कि जल्दी ही सड़क का निर्माण करवा दिया जाएगा। इसके बाद उन्होने सड़क का दो बारे भूमिपूजन भी किया लेकिन भूमिपूजन के सालों बीत जाने के बाद भी समस्या यथावत बनी हुई है।

### प्रस्ताव भेजा है

सुदूर ग्राम संपर्क योजना के तहत उक्त गांव की सड़क बनाने के लिए प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा गया है। लोकसभा चुनाव की आदर्श आचार संहिता के कारण अभी स्वीकृति नहीं मिली है। स्वीकृति प्राप्त होते ही सड़क का निर्माण आरंभ करवा दिया जाएगा ताकि ग्रामीणों का आवागमन आसान व सुलभ हो सकें।

**शिवानी मिश्रा,** सीईओ जपं

## बुलौआ अभियान ने अक्षय तृतीया पर होने वाले बाल विवाहों को किया फीका



**सीहोर।** बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत काम करने वाले गैर शासकीय संगठन विदिशा सोशल वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन एक्सेस टू जस्टिस फेस 2 जिला सिहोर की टीम द्वारा बुलौआ कार्यक्रम का आयोजन पिछले 10 दिनों से लगातार जिले के लगभग 150 गांव में किया जा रहा था। यह कार्यक्रम परंपरागत रूप से ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के बीच जाकर किया गया है। इस कार्यक्रम के तहत महिलाओं ने अपने हाथों में मेहंदी से बाल विवाह मुक्त भारत के स्लोगन लिखे और साथ ही बाल विवाह रोकने के गीत गए। इस कार्यक्रम में 150 गांव की लगभग 15000 महिलाओं ने इस कार्यक्रम में सहभागिता निभाई एवं बाल विवाह मुक्त भारत बनाने की शपथ ली। बुलौआ कार्यक्रम के आयोजन के वजह से किसी भी गांव में अक्षय तृतीया पर बाल विवाह नहीं हुआ।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ प्रतिभावान बालक-बालिकाओं का किया सम्मान भगवान परशुरामजी की चरण पादुकाओं की शोभायात्रा निकाली गई

### अखंड ब्राह्मण समाज ने मनाया भगवान श्री परशुराम जी का जन्मोत्सव





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

अखंड ब्राह्मण समाज आष्टा द्वारा भगवान श्री परशुराम के जन्मोत्सव पर दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। दिनांक 9 मई को सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रतिभावान बालक एवं बालिकाओं का सम्मान समारोह के साथ पुरस्कार वितरण का आयोजन रखा गया। दिनांक 10 मई अक्षय तृतीया के दिन भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव पर स्थानीय मानस भवन से भगवान परशुरामजी की चरण पादुकाओं की शोभायात्रा निकाली गई। जिसकी अनेक स्थानों पर पूजा कर शौभायात्रा का स्वागत किया गया। शोभायात्रा में सबसे आगे अश्वारोही थे, वहीं ब्राह्मण समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन के 4 नवयुगलों आकर्षक रथों पर सवार किया गया था। शोभायात्रा का समापन मानस भवन में हुआ वैदिक मंडल के सदस्यों द्वारा चारों विधि विधान से विवाह सम्पन्न कराया विवाह समारोह में क्षेत्रिय विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर,नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, व्यापार महासंघ के अध्यक्ष रुपेश राठौर,सकल हिंदू समाज के अध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव ने वर एवं कन्याओं को आशीर्वाद प्रदान किया एवं सामुहिक भोजन प्रसादी का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ अधिवक्ता सुधीर पाठक,यदुनंदन शास्त्री, भवानीशंकर शर्मा, यूएन तिवारी, संजय तिवारी, ऊषा तिवारी ने भगवान परशुराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न हुए। जिसमें बालक औरबालिकाओं ने फैंसी ड्रेस व नृत्य प्रतियोगिता में भाग लिया। अतिथियों का समाज अध्यक्ष मनीष पालीवाल, निलेश कुमार शर्मा एडवोकेट, महिला मंडल अध्यक्ष वंदना भारद्वाज, मोना शर्मा ने स्वागत किया। वरिष्ठ अधिवक्ता सुधीर पाठक ने कार्यक्रम को संबोधित किया। स्वागत भाषण अखंड ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष मनीष पालीवाल ने दिया तथा आभार परिणय महोत्सव अध्यक्ष धर्मेंद्र गोतम, जन्मोत्सव अध्यक्ष निलेश कुमार शर्मा एडवोकेट ने व्यक्त किया। संचालन संजीव दीक्षित ने किया।

### भगवान परशुराम अदम्य साहस व वीरता के प्रतीक : परमार

भगवान विष्णु के 6वें अवतार भगवान परशुराम अदम्य साहस व वीरता के प्रतीक हैं। भगवान विष्णु के अंशावतार भगवान परशुराम ने हमेशा यह भाव रखा कि जीवन सृष्टि को इसके प्राकृतिक सौंदर्य सहित जीवंत बनाएं रखना था। वे चाहते थे कि यह सारी सृष्टि पशु पक्षियों, वृक्षों, फल-फूल और समूची प्रकृति के लिए जीवंत रहे। उनका कहना था कि राजा का धर्म वैदिक जीवन का प्रसार करना हैं न कि अपनी प्रजा से आज्ञा पालन करवाना। भगवान परशुराम ने शस्त्र उठाकर धर्म की रक्षा की। यह बातें पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कैलाश परमार ने भगवान परशुराम की जयंती पर अखंड ब्राह्मण समाज आष्टा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कहीं। अखण्ड ब्राह्मण समाज ने भगवान परशुराम के जन्मोत्सव को नगर में शोभायात्रा निकाल कर व ब्राह्मण परिणय महोत्सव में चार जोड़ो का विवाह कराया। मानस भवन में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर स्वागत भी किया गया। इस अवसर पर पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार, पार्वती गोशाला के अध्यक्ष नरेन्द्र कुशवाह का अखण्ड ब्राह्मण समाज अध्यक्ष मनीष पालीवाल महोत्सव प्रभारी, दिनेश शर्मा, राजेश शर्मा, समाज के संरक्षक प्रेमनारायण शर्मा, हरीनारायण शर्मा, युवा सदस्यगण शुभम शर्मा, गगन तिवारी ने स्वागत कर अभिनंदन किया। कार्यक्रम का संचालन संजीव दीक्षित ने किया। पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार ने समस्त अखण्ड ब्राह्मण समाज का आभार व्यक्त कर भगवान परशुराम के जन्मोत्सव की बधाई दी।

## भोपाल जाने वाली बसें स्टैंड पर नहीं आतीं सैकड़ाखेड़ी जोड़ पर उतार रहे सवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिला मुख्यालय पर आज भी बस स्टैंड पर सुविधाएं नहीं हैं। हालत यह है कि भोपाल तरफ जाने वाली सभी बसें बस स्टैंड पर ना जाते हुए सैकड़ा खेड़ी जोड़ से ही टर्न कर ली जाती हैं।

ऐसे में यहीं पर यात्रियों को उतारा और बैठाया जाता है। कई बार तो इन बसों के कारण फोरलेन पर जाम लग जाता है क्योंकि यहां पर इन्हें खड़ा कराने के लिए पर्याप्त जगह भी नहीं है। नए बस स्टैंड के लिए प्लान तो बन गया लेकिन जगह के अभाव में इसका निर्माण ही नहीं हो सका। बस चालकों की सबसे बड़ी समस्या यह होती है कि वह वाहनों को कहां खड़ा करें। यहां पर बसों को खड़ा करने के लिए नियमानुसार कोई स्टैंड नहीं बने हैं। इसलिए जहां जिसकी मर्जी जहां आती है वह वहीं बसों को खड़ा कर देते हैं। शहर के इस बस स्टैंड से हर रोज करीब 120 बसें आती जाती हैं। इनके खड़े होने के लिए पर्याप्त जगह नहीं है।

### विजेंद्र नारायण पहलवान का निधन



**सीहोर।** टेनिस और क्रिकेट के राष्ट्रीय खिलाड़ी शैलेंद्र नारायण पहलवान के बड़े भाई और रोहन व चित्रांश के पिताजी विजेंद्र नारायण पहलवान (प्रबंधक पियरलेस कंपनी) का दुखद निधन भोपाल के एक निजी अस्पताल में हो गया है। वह 73 वर्ष के थे और कुछ दिनों से अस्वस्थ्य थे।

## भागवत कथा के श्रवण मात्र से होता है जनमानस का कल्याण: स्वामी सुनीलानंद महाराज



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

धार्मिक स्थलीय नगरी सिद्धपुर सीहोर के राष्ट्रीय श्री दुर्गादास जी राठौर पार्क गंज सीहोर में कथा व्यास स्वामी सुनीलानंद जी महाराज के श्रीमुख से सप्तदिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। शनिवार को श्रीमद् भागवत कथा का महात्म्य बताते हुए स्वामी जी ने कहा कि भागवत कथा दैविक... मनुष्य के दैहिक और भौतिक तापों की नष्टकारिणीं और जीवन में ज्ञानमंगल सुख प्रदान करने वाली श्रीमद्भागवत महापुराण कथा मोक्षदायिनी है। भागवत कथा दैविक पुण्य लाभ प्रदान करने के साथ-साथ मनुष्य को निष्काम भक्ति के भाव से जोड़ती है, जिसके चलते मानवता का प्रतिपादन करते हुए मानव जीवन धन्य हो जाता है। श्रीमद् भागवत कथा आयोजक मंडल ने सभी धर्मप्रेमी बन्धुओं माताओं बहनों से आग्रह किया है कि प्रतिदिन दोपहर 3:30 से सांय 6:30 बजे तक चल रही श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ में अधिक से अधिक सख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ प्राप्त कर अपने जीवन को कृतार्थ करें। कथा में आज शुकदेव जी का आगमन एवं राजा परिक्षीत का जन्म बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा।

### भिलट देव और भानबाबा मंदिर पर होती है हर श्रद्धालुओं की मन्नत पूरी

# आस्था का केंद्र बना भिलट देव भान बाबा स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर जिले के भैरूंदा से दो किलो मीटर की दूरी पर भिलट देव भानबाबा का स्थान स्थित है। यहां भिलट देव मंदिर पर यह परंपरा पांच सौ वर्षों से अधिक समय से चली रही परंपरा का अलग महत्त्व है। यहां हजारों की संख्या में श्रद्धालु दूर-दूर से अपनी मन्नत पूरी करने के लिए भान बाबा को बलि की भेंट देते हैं। जिस भक्त की मन्नत पूरी होती हैं उसके द्वारा भान बाबा को मान में मुर्गा-बकरा आदि के रुप में बलि की भेंट दी जाती है। भान बाबा के मंदिर पर भक्तों का जन सैलाब लगा रहता है। माह के महीने से लेकर बैशाख महीने तक मंदिर पर मान देने का महत्त्व अधिक होता है।

हजारों की संख्या में महिलाएं पहुंची हैं रुंजनखेड़ी : हजारों की संख्या में महिलाएं पहुंची रुंजनखेड़ी महिलाएं भान बाबा और भिलट बाबा की पूजा करती हैं। इसके बाद वहीं पर बैठकर प्रसाद लेती हैं। क्षेत्र में महिलाओं का मानना है कि ऐसा करने से उनके घरों में सुख-शांति बनीं रहती हैं। जिससे कोई बाधाएं नहीं आती है। क्षेत्र आस्था और विश्वास का प्रतिक रहा मां रेवा के तट पर बसा होने के कारण यहां पर श्रद्धा और भक्ति में टूट विश्वास है जिसको लेकर क्षेत्र में अनेकों प्रकार के धार्मिक कार्यक्रम होते रहते हैं क्योंकि यह कई सिद्ध देवी देवताओं के स्थान भी हैं।





भिलट देव मंदिर जहां पर महा के महीने की पूर्णिमा से महिलाओं द्वारा ढाई दिन का उपवास रखा जाता है। यह उपवास रविवार के दिन महिलाएं रखती है और मंगलवार के दिन रुंजनखेड़ी भीलट बाबा के स्थान पर जाकर व्रत को तोड़ा जाता है। सर्वप्रथम महिलाएं भान बाबा और भिलट बाबा की पूजन-अर्चना करती है। इसके उपरांत वहीं पर बैठकर भोजन प्रसादी लेती है। क्षेत्र में महिलाओं का मानना है ऐसा करने से उनके घरों में सुख शांति के साथ किसी प्रकार की कोई बाधाएं नहीं आती हैं।

तीन बार सीमांकन के आवेदन के बाद भी नहीं नापी पटवारी ने जमीन

# पट्टे की भूमि के सीमांकन को लेकर दलित 1 वर्ष से लगा रहा तहसील कार्यालय के चक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर

आए दिन तहसील कार्यालय में हितग्राही अपने कामों को लेकर चक्कर लगाते मिल ही जाते हैं। ऐसा ही एक मामला दलित किसान का देखने को मिला, जिसमें दलित ने शासन से मिली अपनी भूमि के सीमांकन का आवेदन तीन-तीन बार तहसील कार्यालय में लगाया, लेकिन तीनों बार दलित को कभी रिकॉर्ड दुरुस्ती, तो कभी छुट्टी का बहाना, तो कभी जांच दल का एक समय उपस्थित नहीं होना आदि कारण बताकर दलित को गुमराह किया गया और 1 वर्ष तक तहसील कार्यालय के चक्कर लगाने के बावजूद भी सीमांकन नहीं किया गया। अधिकारी, कर्मचारीयों के ढीले कार्य प्रणाली रवैया का शिकार हुए दलित किसान ने मीडिया का सहारा लेकर अपनी न्याय की गुहार शासन से लगाई। अब देखना यह है कि शासन लापरवाह कर्मचारियों पर कठोर कार्यवाही कर दलित किसान की भूमि का सीमांकन कर न्याय दिलायेगा या मूक दर्शक बन देखता रहेगा।



## लापरवाही, वर्षों बाद भी राजस्व रिकॉर्ड नहीं हुआ दुरस्त

राजस्व विभाग अनियमितताओं को लेकर सदैव संदेह के घेरे में रहता आया है। कमी राजस्व विभाग के कर्मचारी अधिकारियों की होती है ओर कमी के कारण हितग्राहियों को कमी पूरी कराने के लिए दफ्तर- दफ्तर चक्कर लगाने पड़ते हैं, जिससे हितग्राही का समय ओर पैसा दोनों बर्बाद होता है आखिर आजादी के 76 वर्षों बाद में राजस्व विभाग के रिकॉर्ड दुरस्त न होना प्रशासन द्वारा बनाई गई व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह है।

### इनका कहना है

ग्राम पंचायत दिलावरी की जमीन की फाइल में तरमीम नहीं बनी है। तरमीम के बाद ही सीमांकन किया जाना संभव होगा।

**सोनू गुप्ता, तहसीलदार खिलचीपुर।**

**इनका कहना है...**

किसान को एसडीएम कार्यालय भिजवा दीजिए। जांच कर लेती हूं आखिर क्या मामला है।

**अंकिता जैन, एसडीएम खिलचीपुर**

### क्या है मामला

राज्य शासन द्वारा वर्ष 2002 में भूमिहीन दलितों को जीवन निर्वाह करने हेतु वितरण की गई थी, जिसमें मध्य प्रदेश के गांव-गांव में भूमिहीन दलितों को शासन द्वारा भूमि प्रदाय की गई थी, वही ग्राम पंचायत दिलावरी के भूमिहीन दलितों मोती पिता पूरा हरिजन को 4 बीघा जमीन , शंकर पिता काना हरिजन को 4 बीघा तथा अमरा पिता पूरा जाति हरिजन को 4 बीघा जमीन प्रदाय की गई थी । अमरा पिता पूरा हरिजन की मृत्यु उपरांत पिता की 4 बीघा जमीन उनके पुत्रो रामलाल, चैन राम ,गिरवर,सोनी बाई पति अमरा के नाम पर नामांतरित हो गई थी, तभी से सीमांकन के लिए अमरा के पुत्रों ने सीमांकन का आवेदन लगा रखा है, लेकिन एक वर्ष में तीन बार आवेदन देने के बाद भी पटवारी ने सीमांकन नहीं किया है।

हितग्राही ने मीडिया को बताया कि साहब सीमांकन नहीं करने की वजह पटवारी चंदरसिंह परमार बताते हैं कि उस समय जब शासन ने जमीन दी थी तब दलित किसान चिन्हित की गई जगह में इधर-उधर बैठे हैं। शंकर पिता काना अपनी जमीन की वजह मोती पिता पूरा की जमीन पर बैठा है। वही मोती पिता पूरा शंकर पिता काना की जमीन पर बैठा है लेकिन अमरा हरिजन के पुत्र रामलाल, चैन राम, गिरवर, सोनी बाई जरूर जहां जगह दी थी वहीं पर बैठे हैं। इधर-उधर बैठने की वजह से रिकॉर्ड में संशोधन के बाद ही उसे रकबे का सीमांकन होगा, ऐसा कहकर हितग्राही को गुमराह कर रहे हैं ओर हितग्राही तहसील कार्यालय के चक्कर लगा लगाकर परेशान हैं।

पति-पत्नी के बीच मनमुटाव के चलते बढ़ी दूरियां, गिले-शिकवे दूर कर फिर हुए एकजुट

# महिला सुरक्षा शाखा के प्रयासों से लोक अदालत में अलग-अलग रहे रहे 8 परिवारों को आपस में मिलाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

आपसी मनमुटाव के कारण पति-पत्नी के बीच बढ़ी दूरियों के कारण परिवार टूटने की कगार पर पहुंचने लगा था, लेकिन अलग अलग रह रहे पति-पत्नी का महिला सुरक्षा शाखा के प्रयासों से जिले के 8 परिवारों को एक किया गया।

नेशनल लोक अदालत के दौरान प्रथम न्यायाधीश न्यायालय राजगढ़ द्वारा जिला महिला सुरक्षा शाखा राजगढ को पति-पत्नी के आपसी मनमुटाव के निराकरण के लिए खंडपीठ क्रमांक 26 का गठन किया गया था। जिसमें शनिवार को पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा के निर्देशानुसार एवं एएसपी आलोक कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में गठित कमेटी में पीठासीन अधिकारी अरविंदसिंह राठौर उप पुलिस अधीक्षक महिला सुरक्षा शाखा राजगढ, अधिवक्ता मागीलाल तोमर व महिला थाना प्रभारी श्रीमति नेहा शर्मा द्वारा 10 प्रकरणों की सुनवाई की गई, जिनमें से 08 प्रकरणों में आपसी पति-पत्नी के मनमुटाव के कारण पृथक पृथक रह रहे थे, जिन्हें समझाइश देने उपरांत पुरानी सभी बातों को भुलाकर पुनः एक साथ रहने को तैयार हुए, जिसमें 8 परिवारों का घर विघटन होने से रुका 01 में घरेलू हिंसा के तहत कार्यवाही की गई, 01 प्रकरण में दोनों पक्ष उपस्थित नहीं होने से आगामी तिथि दी गईं।

# ब्राह्मण समाज की गरीब बेटी के उपचार के लिए आगे आए मंत्री टेटवाल व समाजजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

ब्राह्मण समाज की एक होनहार बालिका सिमरन पिता विजय तिवारी के गंभीर रोग से पीड़ित होने की जानकारी जैसे ही राज्यमंत्री गौतम टेटवाल को लगी, वैसे ही उन्होंने मरीज के उपचार के लिए मुख्यमंत्री सहायता कोष से स्वेच्छा अनुदान चिकित्सालयीन प्राक्कलन अनुसार 5 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत करने की अनुशंसा की, साथ ही श्री परशुराम जन्मोत्सव पर नगर व ग्रामीण क्षेत्रों से पधारे समाजजनों ने एक बडी राशि एकत्र कर सिमरन के पिता को दी। अभी तक समाज जनों द्वारा चार लाख से अधिक का आर्थिक सहयोग किया जा चुका है और सहयोग का सतत क्रम अभी भी जारी है। वहीं सर्व ब्राह्मण समाज अध्यक्ष संजय शर्मा, नव युवक मंडल अध्यक्ष दीपक शर्मा, महिला मंडल अध्यक्ष शिखा शर्मा ने समाज की गरीब बेटी के लिए आगे आये मंत्री टेटवाल व समाज जनों का आभार माना।

# रोग निदान शिविर त्रिपाठी अस्पताल में 15 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

आचार्य डॉ गोकुल प्रसाद त्रिपाठी की स्मृति में त्रिपाठी अस्पताल राजगढ़ में 15 मई को रोग निदान शिविर का आयोजन होने जा रहा है। यह शिविर में डॉक्टर्स के परामर्श के बाद स्वास्थ्य जांच पूर्णतः निशुल्क की जाएगी। इस शिविर में आंखों की जांच, दांतों की जांच, स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श, महिलाओं, शिशु एवं बालय रोगों की जांच, रक्त-पैथोलॉजी, त्वचा रोगों के साथ साथ हृदय रोगों की ईसीजी, पेट संबंधी बीमारी, लीवर बीमारियों की सोनोग्राफी की जांच फ्री की जाएगी। आयोजक त्रिपाठी अस्पताल का मानना है किइस विशाल शिविर से क्षेत्र की आम जनता को लाभ मिलेगा और एक ही जगह कई रोगों के परीक्षण के साथ उनका इलाज संभव हो सकेगा।

सांडों की लड़ाई बनी राहगीरों की मुसीबत

# कई नागरिक हो चुके चोटिल, जबावदारी से मुंह मोड़ रहे जिम्मेदार अधिकारी



**ब्यावरा।** शहर में दिनों दिन आवारा सांड़ों का आतंक बढ़ता ही जा रहा है। इनका आतंक बढ़ने से लोग दहशत में है। शहर में आवारा सांडों की संख्या में बढोतरी हो रही है और अलग अलग स्थानों पर झुंड में दिखाई दे रहे सांडों की संख्या अधिक होने से रोजाना सांडों की लड़ाई देखने को मिलती है, इन आवारा सांडों की लड़ाई की चपेट में राहगीर आ जाते है जिससे वह गंभीर घायल हो रहे हैं। शहर के इदौंर नाका क्षेत्र में मुल्तानपुरा निवासी एक वृद्ध रामचंदर कारपेंटर सांडों की लड़ाई की चपेट में आ गए थे जिससे वह बुरी तरह घायल हो गए थे। जिन्हें गंभीर घायल अवस्था में भोपाल रेफर करना पडा था लेकिन सांडों ने उन्हें इस कदर घायल किया था कि उनके तमाम उपचार करने के बाद भी बचाया नहीं जा सका। इस दुखद घटना के बाद मृतक के परिजनों द्वारा शासन प्रशासन से मांग की गई थी कि सड़कों पर घूमने वाले आवारा मवेशियों को हटाया जाए ताकि अन्य नागरिक इनकी चपेट में न आए, लेकिन आज तक इसका असर अधिकारियों में देखने को नहीं मिल रहा है और आवारा सांड खुलेआम सड़कों पर विचरण कर रहे हैं।

गर्मी और लू से बचाव के लिए एडवाइजरी

# ग्रामीणों को अवगत करा रही आशा कार्यकर्ताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

स्वास्थ्य विभाग ने सभी आशा कार्यकर्ता सीएचओ आदि को गर्मी से बचाव के उपायों के संबंध में लोगों तक जानकारी पहुंचाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बीएमओ डॉ. धनजीत बडोदिया ने निर्देशित किया है कि वर्तमान गर्मी के मौसम में तापमान अधिक होने से गर्मी एवं लू के कारण होने वाली संभावित बीमारियों की रोकथाम के लिए सभी आशा कार्यकर्ता, सीएचओ अपने ग्रामीण क्षेत्र में समुचित उपाय करें तथा गर्मी एवं लू से बचाव के लिए जारी एडवाइजरी से सभी ग्रामीजनों को अवगत कराएं। बीएमओ बडोदिया ने सभी आशा कार्यकर्ता, सीएचओ को अवगत कराया कि वे उपरोक्त गतिविधि में घर-घर संपर्क के दौरान गर्मी के मौसम मे होने



वाली बीमारी की रोकथाम हेतु समझाइश दे तथा आवश्यकता होने पर उन्हें ओआरएस के पैकेट भी उपलब्ध कराए। इन्ही आदेशो के परिपालन में पड़ाना में आशा कार्यकर्ता रीना सेन के द्वारा घर-घर पहुंचकर ग्रामीणों को समझाइश दी जा रही है कि लंबे समय तक बाहर धूप में रहने से बचें, गर्मी के प्रकोप से बचने के लिए धूप से सीधे संपर्क में आने से परहेज करें, खाने में स्वच्छता का ध्यान रखें, लिक्विड चीजों का ज्यादा सेवन करें, एक बार में अधिक खाने से परहेज करें, आरामदायक कपड़े पहने तथा मसालेदार भोजन ना करें।

नालियों के अंदर साफ सफाई का अभाव बना कारण

# जहां देखो वहां गंदगी का साम्राज्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

शासन प्रशासन स्तर से चाहे कैसे भी प्रयास किए गए हों, लेकिन स्वच्छता मिशन की तस्वीर नगर के अनेकों स्थान पर स्पष्ट झलकती है। जहां पर या तो कचरे का ढेर जमा रहता है या गलियों में या नालियों में कचरा उड़कर जमा हो जाता है। जिससे नालियां जाम हो जाती है और बदबू मारना शुरू हो जाती है। नगर परिषद के सफाई कर्मचारी भी अपनी दैनिक उपस्थिति दर्ज कराते हुए नियमित सफाई करते हैं लेकिन आम सड़क पर उड़कर आने वाला कचरा नालियों में गिरता है जिससे




नालियां भर जाती है और बदबू तथा मच्छरों की भरमार उत्पन्न बनी रहती है। विगत सप्ताह नगर के आवास कॉलोनी वार्ड नंबर 14 की गली तथा उसके पूर्व मां सरस्वती एकेडमी के समीप एवं वार्ड नंबर 12 मुंदड़ा नगर के पिछले हिस्से में जमा नालियों के पानी के समाचार प्रकाशित किए गए लेकिन नगर परिषद के जू तक नहीं रेंगी । आज भी समस्या जो कि क्यों बनी हुई है। आम नागरिकों का कहना है कि नगर परिषद द्वारा विभिन्न प्रकार के टैक्स नागरिकों से लिए जाते हैं तो उनकी मूलभूत सुविधाओं का भी समय-समय पर पूरा-पूरा ध्यान नगर परिषद को रखा जाना चाहिए।

खबर का असर

# ताले से बाहर आए दोनों वाटर कूलर सैकड़ों जनों के कंठ होंगे तर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

स्थानीय गीता मानस प्रचार समिति को दो व्यक्तियों द्वारा दो वाटर कूलर दान में दिए गए थे। दोनों वाटर कूलर सही स्थिति में होने के बाद भी यहां के प्रबंधन ने समिति के हॉल में कैद करके रखा हुआ था।



स्थानीय लोगों की मांग पर विगत दिवस हरिभूमि ने इस संबंध में एक खबर का प्रकाषन प्रमुखता से किया। खबर प्रकाषन के बाद समिति प्रबंधन ने आमजनों की सुविधा के लिए दोनों वाटर कूलर चालू करवा दिए हैं। 44 डिग्री तापमन की भीषण गर्मी में अब राहगीरों को शीतल जल मिल जाया करेगा। उल्लेखनीय है कि नगर के मेन मार्केट या राजगढ शहर के बीचों-बीच पारायण समिति स्थित है। ऐसे में वाटर कूलर अब प्रतिदिन सैकड़ों लोगों के कंठ तर किया करेंगे। इस पुनीत कार्य को आरंभ करवाने में समिति के श्रृद्धालु एवं पूर्व जिला क्रीडाधिकारी षिवनारायण मौर्य, अषोक शर्मा व अन्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# खुशियों के ओटले पर मनाया गया मातृ दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



जन सहयोग से संचालित सामाजिक संस्था खुशियों के ओटले पर रविवार को माताओं और बहनों को नई साड़ी, वस्त्र और साथ ही पौधे देकर मनाया गया। मदर्स डे, ओटले के संचालक डॉ सुरजीत सिंह ने बताया कि हर वर्ष तरह इस वर्ष भी खुशियों के ओटले पर गरीब व जरूरतमंद महिलाओं को कपड़े पर जरूर का सामान बॉट कर साथ ही बच्चों को शिक्षण सामग्री देकर मातृ दिवस का पावन उत्सव मनाया गया। वहीं बच्चों को माता-पिता के प्रति सत्कार उनका आज्ञाकारी बनने की शिक्षा दी गई। डॉ सिंह ने कहा आज की भागम भाग वाली जिंदगी में जहां बच्चों को अपने माता-पिता का सत्कार करना भूल गए हैं वहीं अगर हम देखें तो परमात्मा का नाम भी बिना माँ के नाम के पूरा नहीं होता ऐसे में देश में दिन-ब-दिन वृद्ध आश्रम की संख्या बढ़ती जा रही है आज हमें जागरुक होने की जरूरत है की कोई माता-पिता कभी अपना वृद्ध जीवन वृद्ध आश्रम में न गुजारे सभी अपने माता पिता का सम्मान करें। उन्होंने कहा मां का स्वभाव भी उस वृक्ष की तरह होता है जो हर एक राहगीर को ठंडी छांव भी प्रदान करती है ऐसे में ओटले द्वारा सभी को पौधे भी भेंट किए गए कार्यक्रम के मौके पर बड़ी संख्या में महिलाएं व बच्चे मौजूद रहे।

# भाजपा प्रदेशाध्यक्ष शर्मा का टेटवाल निवास पर हुआ स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा नलखेड़ा से भोपाल जाते समय कुछ समय के लिए भल्ला कॉलोनी स्थित राज्यमंत्री टेटवाल के निवास पर पहुंचे। जहां पर राज्य मंत्री गोतम टेटवाल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं द्वारा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान हाल ही में संपन्न हुए राजगढ़ लोकसभा क्षेत्र में अच्छे हुए मतदान को लेकर राजमंत्री गोतम टेटवाल को बधाई दी। इस दौरान विधायक प्रतिनिधी पृथ्वीराज टेटवाल, नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि नीलेश वर्मा, मंडल मीडिया प्रभारी अमित सक्सेना, युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष राहुल पुष्पद,पूर्व पार्षद दिनेश शर्मा, कमलेश टेटवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता गोपाल वैध, कमल राठौर, इफ्तिखार अंसारी, प्रदीप टेटवाल, राधेश्याम माहेश्वरी, राकेश सेन, योगेश माहेश्वरी, आकाश शर्मा आदि मौजूद थे।

नियमों को धता बताते संचालक, कई पेट्रोल पंपों पर तो हवा-पानी की तक सुविधाएं नहीं

# मनमानी: पेट्रोल पंपों पर नहीं दी जा रही आवश्यक सुविधाएं जिम्मेदारों के ध्यान नहीं देने से ग्राहक हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

सरकार द्वारा पेट्रोल पंपों पर ग्राहकों को सुविधा दिलाने कड़े मापदंड बनाए गए हैं, लेकिन पंप संचालकों की मनमानी के चलते सारे नियमों को दर किनार कर दिया जाता हैं और संबंधित विभाग के सरकारी अमले की लापरवाही के चलते जनहित में बनाए गए यह सभी मापदंड हाथी के दांत साबित हो रहे हैं। मोटी कमाई करने वाले पेट्रोल पम्प डीलर ग्राहकों को हवा, पानी जैसी सुविधाएं देने के नाम पर काम चलाऊ व्यवस्था करके जिम्मेदारी से मुंह मोड़ लेते हैं।

शहर में कुछ पेट्रोल पंपों को छोड़ दिया जाए तो लगभग हर जगह नियमों को धता बताकर ग्राहकों सुविधाएं नहीं दी जा रही हैं। अधिकांश पेट्रोल पम्प पर सुविधा के नाम पर ग्राहक लम्बे समय से परेशान हो रहे हैं। पेट्रोल पंपों पर हवा, पानी जैसी सुविधाओं




नाम मात्र औपचारिक हैं, यहां पानी कूल पानी फिल्टर लगा हैं, लेकिन खराब पड़ा हुआ, लेट बाथरूम में गंदगी पड़ी हुई हैं, पंप पर फायर, एम्बुलेंस, पुलिस के नम्बर अंकित तो मगर पूरी वह पुराने हो जाने से दिखाई नही दे रहे। पम्पों पर व्यवस्थाओं का कोई इंतजाम तक नहीं हैं। साथ ही पंपों पर प्राथमिक सुविधाओं सम्बंधी उपकरणों को लगाया गया है, लेकिन इनको लेकर किसी प्रकार के कोई सांकेतिक भाषा चिन्हों द्वारा ग्राहकों को बताना जरूरी नहीं समझा जाता हैं। इनमें तो कुछ उपकरणों को तो चालू तक नहीं किया गया है। यह सुविधाएं पेट्रोल पंपों पर रखी तो गईं हैं, लेकिन उपयोग करने के लिए व्यवस्था नहीं है।

वहीं नगर के प्रमुख स्थानों पर डीजल पेट्रोल पम्प संचालित हैं। पेट्रोल पम्प संचालन का लाइसेंस प्राप्त करने के बाद विभाग द्वारा निर्धारित नियमों की अनदेखी करके पम्प संचालकों द्वारा सरकारी तयशुदा मापदंडों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। वहां पर ग्राहकों के लिए टॉयलेट, पीने के पानी व गाड़ी में हवा भरने वाली मशीन जैसी प्राथमिक व्यवस्था संबंधी बकायदा अनुबंध किया जाता है, किंतु इसके बावजूद भी निर्धारित मापदंडों को ताक में रखकर संचालकों द्वारा मनमाने तरीके से पेट्रोल पम्प संचालित किए जा रहे हैं। ग्राहक लम्बे समय से मूलभूत सुविधाओं से वंचित हो रहे हैं।

### ग्राहकों को नहीं मिलती यह सुविधाएं

पेट्रोल पम्पों पर ग्राहकों को फ्री कॉलिंग, चोट लगने पर फर्स्ट एण्ड बॉक्स, पानी, टॉयरों में हवा भरने वाली मशीन के साथ अन्य सुविधाएं मिलने का प्रावधान है। लेकिन संचालकों द्वारा ग्राहकों की अज्ञानता का लाभ उठाते हुए ग्राहकों को उनके अधिकार व सुविधाओं से वंचित रखा जा रहा हैं। इस मामले में विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की मिली भगत होने सम्बंधी जन चर्चाओं को नकारा नहीं जा सकता।

### शिकायत पुस्तिका भी रहती है गायब

मानकों पर गौर करें तो हर पेट्रोल पंप पर शिकायत पेटिका या पुस्तिका होने का प्रावधान होता है। साथ ही कंपनी के अधिकारियों के नंबर भी होने चाहिए, लेकिन जिले के तमाम पेट्रोल पंप पर यह सुविधा भी नहीं हैं।